दिनांक–15.03.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम किसी की भी नागरिकता नहीं छीनेगा।
- सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल की कीमतें दो रुपये प्रति लीटर कम की। नई दर आज से हुई लागू।
- ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नया निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया।
- विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस आज, प्रदेश भर में होंगे कार्यक्रम।

नागरिकता संशोधन अधिनियम–शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए नागरिकता का अधिकार देने का कानून है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह कानून किसी की भी नागरिकता नहीं छीनेगा। गृहमंत्री ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत उन सभी के समान अधिकार होंगे, क्योंकि अब वे भी भारत के नागरिक बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि माइनोरिटीज या तो किसी और व्यक्ति को डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सीएए में किसी की नागरिकता लेने का प्रावधान ही नहीं है। सीएए सिर्फ और सिर्फ तीन देश अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से हिन्दू, सिख, बौद्ध, क्रिश्चियन और पारसी शरणार्थी आए हैं। इनको उनका अधिकार देने का कानून है।

एक राष्ट्र–एक चुनाव

एक राष्ट्र–एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को रिपोर्ट सौंपी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में यह उच्च स्तरीय समिति गठित की गई थी। विधि और न्याय मंत्रालय के अनुसार एक राष्ट्र–एक चुनाव आकांक्षी भारत के लिए मुख्य बिन्दु है। मंत्रालय ने कहा कि सभी सुझावों पर सावधानीपूर्वक विचार–विमर्श के बाद उच्च स्तरीय समिति ने देशभर में सभी चुनाव एक साथ कराने के लिए दो चरणों वाली प्रक्रिया की सिफारिश की है।

पेट्रोल–डीज़ल–कीमत

देशभर में पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी की गई है। नई दर आज सुबह से लागू हो गयी हैं। भोपाल में अब पेट्रोल 106 रुपये 13 पैसे प्रति लीटर मिलेगा। डीज़ल की संशोधित कीमत 91 रुपये 53 पैसे हो गयी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि पेट्रोल और डीज़ल की कीमतें दो रुपये प्रति लीटर कम करके सरकार ने एक बार फिर दर्शाया है कि करोड़ों देशवासियों का कल्याण और सहूलियत ही सदा उनकी प्राथमिकता रही है।

वीरा राणा सेवावृद्धि

प्रदेश की मुख्य सचिव वीरा राणा को तीन महीने की सेवावृद्धि मिल सकती है। राज्य सरकार ने इसका प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, जिस पर कल सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। एक–दो दिन

में उनकी सेवावृद्धि के आदेश जारी हो सकते हैं। वे 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाली थीं। सेवावृद्धि मिलने के बाद जून तक वे प्रदेश की मुख्य सचिव बनी रहेंगी। वहीं, सामान्य प्रशासन विभाग ने स्वास्थ्य आयुक्त प्रियंका दास को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक पद का प्रभार सौंप दिया। यह दायित्व डॉ. सुदाम खाडे के पास था, जिन्हें सरकार ने ग्वालियर कमिश्नर बनाया है।

ओंकारेश्वर लोक

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि महाकालेश्वर लोक की तर्ज पर ही ओंकारेश्वर लोक बनाया जाएगा। श्री विजयवर्गीय कल ओंकारेश्वर में आयोजित पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा एवं पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा जबलपुर एवं ग्वालियर में शुरू होगी। कार्यक्रम में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, प्रतिमा बागरी एवं नरेंद्र शिवाजी पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराज्यीय हवाई सुविधा का विस्तार करने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। ग्वालियर विमानतल पर भी पीएमश्री पर्यटन वायुसेवा और पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि इससे ग्वालियर संभाग की जनता भी लाभान्वित होगी। जबलपुर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने डुमना एयरपोर्ट पहुंचकर इस योजना का शुभारंभ किया।

निर्वाचन आयुक्त–नियुक्ति

भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नया निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। विधि और न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने और अरुण गोयल के त्यागपत्र के बाद दोनों निर्वाचन आयुक्तों के पद रिक्त थे।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में सुबह 11 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति ए वं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत होंगे। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण संबंधी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। दुनियाभर में 15 मार्च का दिन विश्व उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य उपभोक्ता को उनके अधिकारों के बारे में बताना है। इंदौर में जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर आइडिलीक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गेंदालाल बम परिसर राऊ पीथमपुर रोड में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आगरमालवा, टीकमगढ़, धार और झाबुआ सहित अन्य जिलों में भी इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

लीगल एड क्लीनिक

समाज के पीड़ित बच्चों, महिलाओं व दिव्यांगों को कानूनी सहायता देने के मकसद से जबलपुर में कलेक्ट्रेट कार्यालय में लीगल एड क्लीनिक शुरू किया गया। जबलपुर में यह पहला केंद्र है। इससे अब किसी भी असहाय को न्याय के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। लीगल एड क्लीनिक में एक वकील होगा,

जिसे पीड़ित अपनी समस्याएं बता सकेंगे। इस केंद्र से दिव्यांग, महिलाएं और बच्चे लाभ पा सकते हैं। अपर जिला जज उमाशंकर जायसवाल ने बताया कि लीगल एड क्लीनिक वह योजना है, जिसमें निर्धन, असहाय और मुख्यालय तक न पहुंचने वालों को न्याय दिलाया जाता है।

क्लाइंट मीट

सेल्स सेंटर आकाशवाणी भोपाल द्वारा कल क्लाइंट मीट का आयोजन किया गया. सेल्स सेंटर प्रमुख विवस्वान आर्य ने बताया कि आकाशवाणी अनेक वर्षो से लगातार अपने राजस्व में वृद्धि करता आ रहा है. इसके लिए सहयोगी विभागों, संस्थाओं और एजेंसियों के अधिकारियों को आकाशवाणी की नीतियों, योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से वर्ष में एक बार ये मीट की जाती है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिक्की एम एस एम ई मध्यप्रदेश के चेयरपरसन प्रदीप करमबेलकर ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि आकाशवाणी की विश्वसनीयता आज भी बनी हुई है। क्लस्टर हेड उप–महानिदेशक यशवंत चिवंडे ने कहा कि आकाशवाणी टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए निरंतर नये नये प्रयोग कर रहा है।

रिक्त पद–आकाशवाणी

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग ने देशभर के विभिन्न क्षेत्रीय समाचार एकांशो में पूर्णकालिक अनुबंध आधार पर संपादकीय एग्जीक्यूटिव और समाचार वाचक–सह–अनुवादकों की भर्ती के लिए अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसका विवरण newsonair.gov.in@vacancies पर उपलब्ध है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19 मार्च है।

मल्टीपर्पस इंडोर हॉल

आगरमालवा जिला मुख्यालय पर 1 करोड़ 69 लाख रूपये की लागत से नव–निर्मित मल्टीपर्पस इंडोर हॉल का लोकार्पण खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग आज वर्चुअल माध्यम से करेंगे। आगरमालवा स्टेडियम परिसर में आयोजित लोकर्पण कार्यक्रम में सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी विधायक मधु गेहलोत भी मौजूद रहेगें।

इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन

बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरूष सिंगल्स में भारत के लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। पुरुष डबल्स में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी की जोड़ी और महिला सिंगल्स प्री–क्वार्टर फाइनल मैच में पीवी सिंधु को हार का सामना करना पड़ा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शाजापुर जिले के मोहम्मदपुर मछनई गांव में अवैध खनन रोकने गए अफसरों पर पथराव किया गया। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। जबकि सरकारी गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं।
- श्योपुर में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 14 मार्च तक आयोजित महिला सशक्तिकरण सप्ताह का समारोह पूर्वक समापन निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर में किया गया।
- विदिशा जिले में खाद्य सामग्री में किसी भी प्रकार की मिलावट ना हो पाए इसके लिए विशेष सघन जांच पड़ताल अभियान संचालित किया जा रहा है।

- डिंडोरी में कलेक्ट्रट सभाकक्ष में समेकित बाल संरक्षण योजना के अंतर्गत पोक्सो एक्ट 2012 की प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- उज्जैन में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य कई केन्द्रों पर आज से किया जाएगा। जबकि शेष उपार्जन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 20 मार्च से प्रारंभ होगा।
- झाबुआ जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रचार में प्रयुक्त विभिन्न मदों की दरों के सर्वसम्मति से निर्धारण के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।
- विदिशा के दो खिलाड़ी शिवनारायण कुशवाह और अभिजीत कुशवाह का चयन 16 से 19 मार्च तक बिहार में आयोजित 33 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप के लिए प्रदेश की टीम में हुआ है।

———————————————

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में सुबह 11 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति ए वं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत होंगे। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण संबंधी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। दुनियाभर में 15 मार्च का दिन विश्व उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य उपभोक्ता को उनके अधिकारों के बारे में बताना है। इंदौर में जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर आइडिलीक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गेंदालाल बम परिसर राऊ पीथमपुर रोड में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आगरमालवा, टीकमगढ़, धार और झाबुआ सहित अन्य जिलों में भी इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

(2) वीरा राणा- सेवावृद्धि

प्रदेश की मुख्य सचिव वीरा राणा को तीन महीने की सेवावृद्धि मिल सकती है। राज्य सरकार ने इसका प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, जिस पर कल सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। एक-दो दिन में उनकी सेवावृद्धि के आदेश जारी हो सकते हैं। वे 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाली थीं। सेवावृद्धि मिलने के बाद जून तक वे प्रदेश की मुख्य सचिव बनी रहेंगी। वहीं, सामान्य प्रशासन विभाग ने स्वास्थ्य आयुक्त प्रियंका दास को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक पद का प्रभार सौंप दिया। यह दायित्व डॉ. सुदाम खाडे के पास था, जिन्हें सरकार ने ग्वालियर कमिश्नर बनाया है।

(3) ओंकारेश्वर लोक

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि महाकालेश्वर लोक की तर्ज पर ही ओंकारेश्वर लोक बनाया जाएगा। श्री विजयवर्गीय कल ओंकारेश्वर में आयोजित पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा एवं पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा जबलपुर एवं ग्वालियर में शुरू होगी। कार्यक्रम में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, प्रतिमा बागरी एवं नरेंद्र शिवाजी पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराज्यीय हवाई सुविधा का विस्तार करने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। ग्वालियर विमानतल पर भी पीएमश्री पर्यटन वायुसेवा और पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि इससे ग्वालियर संभाग की जनता भी लाभान्वित होगी। जबलपुर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने डुमना एयरपोर्ट पहुंचकर इस योजना का शुभारंभ किया।

(4) लीगल एड क्लीनिक

समाज के पीड़ित बच्चों, महिलाओं व दिव्यांगों को कानूनी सहायता देने के मकसद से जबलपुर में कलेक्ट्रेट कार्यालय में लीगल एड क्लीनिक शुरू किया गया। जबलपुर में यह पहला केंद्र है। इससे अब किसी भी असहाय को न्याय के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। लीगल एड क्लीनिक में एक वकील होगा, जिसे पीड़ित अपनी समस्याएं बता सकेंगे। इस केंद्र से दिव्यांग, महिलाएं और बच्चे लाभ पा सकते हैं। अपर जिला जज उमाशंकर जायसवाल ने बताया कि लीगल एड क्लीनिक वह योजना है, जिसमें निर्धन, असहाय और मुख्यालय तक न पहुंचने वालों को न्याय दिलाया जाता है।

(5) मल्टीपर्पस इंडोर हॉल

आगरमालवा जिला मुख्यालय पर 1 करोड़ 69 लाख रूपये की लागत से नव-निर्मित मल्टीपर्पस इंडोर हॉल का लोकार्पण खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग आज वर्चुअल माध्यम से करेंगे। आगरमालवा स्टेडियम परिसर में आयोजित लोकर्पण कार्यक्रम में सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी विधायक मधु गेहलोत भी मौजूद रहेगें।

------------------------------